आज का मौसम

अधिकतम 36° C
न्यूनतम 27° C
सूर्य अस्त (आज) 7:22
सूर्य उदय (कल) 5:23

दैनिक समाचार पत्र
# जीत समाचार
जीत सच्ची खबर की
दिल्ली, हरियाणा, पंजाब, हिमाचल प्रदेश

वर्ष : 13 अंक : 274 मूल्य : 2 रू पृष्ठ : 8

सोमवार
22 जून 2026

RNI NO : PUNHIN/2013/60106 www.zeetsamachar.com

**अनमोल वचन**

"जिस तरह कमल कीचड़ में रहकर भी कीचड़ से गंदा नहीं होता उसी तरह आध्यात्मिक व्यक्ति कठिन परिस्थितियों से विचलित या माया से अशुद्ध नहीं होता।"

## संक्षिप्त न्यूज

### राष्ट्रपति मुर्मु ने रानी दुर्गावती विश्वविद्यालय के 36वें दीक्षांत समारोह में भाग लिया



मध्य प्रदेश(एजेंसी)। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने रानी दुर्गावती विश्वविद्यालय के 36वें दीक्षांत समारोह में भाग लिया और मेधावी विद्यार्थियों को स्वर्ण पदक प्रदान किए। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि रानी दुर्गावती साहस और वीरता की प्रतीक थीं और उनकी प्रेरणा आने वाली पीढ़ियों को मिलती रहेगी। राष्ट्रपति ने आदिवासी समुदायों, वंचित वर्गों और बालिकाओं के सशक्तीकरण के लिए शिक्षा के महत्व पर बल दिया। उन्होंने कहा कि विकसित भारत–2047 का लक्ष्य तभी पूरा होगा, जब विकास का लाभ समाज के हर वर्ग तक पहुंचे।

राष्ट्रपति मुर्मु मध्य प्रदेश के जबलपुर में योग दिवस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुईं। यह कार्यक्रम सदर इलाके गैरीसन ग्राउंड में आयोजित किया गया।

राष्ट्रपति मुर्मु कल कूनो राष्ट्रीय उद्यान का दौरा भी करेंगी। चीतों की देखभाल करने वाले कर्मियों और उद्यान कर्मचारियों से मुलाकात भी करेंगी।

### जम्मू कश्मीर पुलिस को लगातार दूसरे वर्ष पासपोर्ट सेवा के लिए राज्य पुरस्कार मिला




जम्मू कश्मीर। जम्मू कश्मीर पुलिस को लगातार दूसरे वर्ष पासपोर्ट सेवा के लिए राज्य पुरस्कार प्राप्त हुआ है। यह पुरस्कार पासपोर्ट सत्यापन में तेजी, लोकोन्मुखी सेवा उपलब्धता और सुशासन में जम्मू–कश्मीर पुलिस के उत्कृष्ट योगदान की मान्यता के तौर पर है। विदेश मंत्री ने नई दिल्ली में यह पुरस्कार प्रदान किया।

## प्रधानमंत्री मोदी ने कोलकाता में स्वदेश में निर्मित नौसेना के तीन जहाज राष्ट्र को समर्पित किए



जीत समाचार नई दिल्ली (एजेंसी)। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रविवार को कोलकाता में स्वदेश निर्मित भारतीय नौसेना के तीन पोत दृ आईएनएस दुनागिरी, आईएनएस संशोधक और आईएनएस अग्रय को राष्ट्र को समर्पित किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि भारत जहाज निर्माण क्षेत्र में नई सोच के साथ आगे बढ़ रहा है।

प्रधानमंत्री ने कहा कि केंद्र सरकार ने हाल के वर्षों में कई नीतिगत सुधार किए हैं और घरेलू निर्माण क्षमता बढ़ाने के लिए विशेष कदम उठाए हैं। उन्होंने कहा कि जहाज रखरखाव, मरम्मत एवं संचालन को एक बड़े राष्ट्रीय मिशन के रूप में देखा जा रहा है।

श्री मोदी ने कहा कि इन युद्धपोतों का नौसेना में शामिल होना भारत के भविष्य का संकेत है। उन्होंने कहा कि समुद्री क्षेत्र विकसित भारत के लिए रोजगार का बड़ा माध्यम बन सकता है और आने वाले वर्षों में लाखों नए रोजगार सृजित होने की संभावना है। प्रधानमंत्री ने कहा कि रक्षा उत्पादन के साथ–साथ रक्षा निर्यात में भी अभूतपूर्व वृद्धि हुई है।

नौसेना के अनुसार, इन तीनों पोतों में 75 प्रतिशत से अधिक स्वदेशी सामग्री का उपयोग किया गया है और इनके निर्माण में 200 से अधिक सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यमों का योगदान रहा है।

## प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कोलकाता के रेड रोड पर योगाभ्यास किया

### 12वां अंतरराष्ट्रीय योग दिवस है। इस वर्ष का विषय है – बढ़ती उम्र के प्रभाव को रोकने के लिए योग।




जीत समाचार कोलकाता(ब्यूरो)। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कोलकाता के रेड रोड पर कार्यक्रम में योगाभ्यास का नेतृत्व किया। इस अवसर पर श्री मोदी ने कहा कि दुनिया के कुछ हिस्सों में 21 जून साल का सबसे लंबा दिन होता है और योग के कारण यह अब सबसे बड़ा सामुदायिक उत्सव बन गया है। प्रधानमंत्री ने कहा कि योग केवल शारीरिक व्यायाम नहीं है बल्कि भावना की अभिव्यक्ति है और यह किसी आयु वर्ग तक सीमित नहीं है। उन्होंने कहा कि हमारा लक्ष्य 40 वर्ष की आयु में 20 वर्ष की आयु से अधिक लचीला होना और 50 वर्ष की आयु में 30 वर्ष की आयु से अधिक ऊर्जावान रहने का होना चाहिए। श्री मोदी ने कहा कि योग हमें संतुलित जीवन जीने और मानसिक स्वास्थ्य के माध्यम से शारीरिक स्वास्थ्य का मार्ग खोजने में मदद करता है। प्रधानमंत्री ने कहा कि हमें योग को जीवन का हिस्सा बनाना चाहिए। उन्होंने कहा कि सरकार ने इस वर्ष योग 365 पहल के अंतर्गत 100 दिन की ऑनलाइन योग कक्षाओं का आयोजन किया है।

श्री मोदी ने 2015 में अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस की शुरुआत के बाद से, नई दिल्ली, चंडीगढ़, लखनऊ, मैसूरु, न्यूयॉर्क, श्रीनगर और विशाखापत्तनम सहित विभिन्न स्थानों से समारोहों का नेतृत्व किया है।

कई केंद्रीय और राज्यमंत्री भी योग कार्यक्रमों में भाग ले रहे हैं।

### गृहमंत्री अमित शाह ने डॉ. केशव बलिराम हेडगेवार की पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि अर्पित की



जीत समाचार नई दिल्ली। गृहमंत्री अमित शाह ने आज राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के संस्थापक डॉ. केशव बलिराम हेडगेवार की पुण्यतिथि पर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। सोशल मीडिया पोस्ट में श्री शाह ने संघ की स्थापना और राष्ट्र प्रथम की भावना तथा सांस्कृतिक राष्ट्रवाद के लिए डॉ. हेडगेवार को याद किया। उन्होंने कहा कि डॉ. हेडगेवार ने एक सुरक्षित, समृद्ध और अग्रणी राष्ट्र की परिकल्पना की थी और यही आज भारत की प्रगति की नींव बनी है। श्री शाह ने कहा कि डॉ. हेडगेवार का जीवन मातृभूमि के प्रति असीम प्रेम, अनुशासन और समर्पण के साथ लोगों को प्रेरित करता रहेगा।

दैनिक समाचार पत्र
जीत समाचार
जीत सच्ची खबर की

## अमरीकी उपराष्ट्रपति जे डी वैंस और ईरान के संसद अध्यक्ष एम बी कलिबाफ शांति वार्ता के लिए स्विट्जरलैंड पहुंचे



अमरीका(एजेंसी)। अमरीका के उपराष्ट्रपति जेडी वेंस और ईरान का प्रतिनिधिमंडल वार्ता के लिए स्विट्जरलैंड पहुंच गए हैं। श्री वेंस ने कहा है कि दोनों देशों के बीच परमाणु मुद्दों पर बातचीत की रूपरेखा तैयार की जाएगी। वहीं, ईरान के प्रतिनिधिमंडल का कहना है कि लेबनान में जारी संघर्ष का समाधान किए बिना वार्ता आगे बढ़ाना मुश्किल होगा।

इस बीच, अमरीकी राष्ट्रपति डॉनल्ड ट्रंप ने चेतावनी दी है कि यदि 60 दिनों के भीतर समझौता नहीं हुआ तो अमरीका होर्मुज जलडमरूमध्य पर नए शुल्क लगा सकता है। बढ़ते तनाव के कारण शुक्रवार को प्रस्तावित वार्ता स्थगित कर दी गई थी।

ईरानी प्रतिनिधिमंडल का नाम 'मिनाब-168' रखा गया है। जो स्कूली हमले की याद दिलाता है, इस हमले में बड़ी संख्या में बच्चों सहित 168 मौतें हुई थीं।

## कच्चा तेल लेकर भारत आ रहे तीन टैंकरों ने होर्मुज जल-डमरूमध्य पार किया



नई दिल्ली(एजेंसी)। पत्तन, पोत परिवहन और जलमार्ग मंत्री सर्बानंद सोनोवाल ने कहा है कि भारतीय ध्वज वाले तीन टैंकर सफलतापूर्वक होर्मुज जल-डमरूमध्य को पार कर स्वदेश आ रहे हैं। इनमें आठ लाख साठ हजार मीट्रिक टन से अधिक कच्चा तेल है। ये टैंकर हैं- देश वैभव, देश विभोर और सनमार हेराल्ड।

श्री सोनोवाल ने सोशल मीडिया पोस्ट में कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में सरकार भारत के समुद्री हितों की रक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता दे रही है। श्री सोनोवाल ने कहा कि सरकार अपने नाविकों और ऊर्जा क्षेत्र की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए सभी एजेंसियों के साथ तालमेल बिठा रही है।

# अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर दुनिया भर में हुआ योगाभ्यास



कनाडा(एजेंसी)। अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर कल कई देशों में योगाभ्यास किया गया। कनाडा के टोरंटो में सरकारी प्रतिनिधियों, राजनयिकों और योगाचार्यों ने ओंटारियो विधानसभा परिसर में आयोजित कार्यक्रम में भागीदारी की।

इस अवसर पर कनाडा में भारत के महावाणिज्यदूत ने कहा कि योग में सांस्कृतिक, भाषाई और राष्ट्रीय सीमाओं को पार करने की अनूठी शक्ति है।

ब्राजील में, भारत के राजदूत दिनेश भाटिया के नेतृत्व में विशेष योग सत्र हुआ।

डेनमार्क में राजदूत मनीष प्रभात ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा डेनमार्क की प्रधानमंत्री मेटे फ्रेडरिक्सन के नाम लिखा पत्र पढ़कर सुनाया।

अमरीका में भी सैकड़ों लोग योग दिवस पर लिंकन मेमोरियल में एकत्रित हुए।

## मस्कट में भारतीय दूतावास ने विशेष कार्यक्रम के साथ मनाया अंतरराष्ट्रीय योग दिवस




मस्कट(एजेंसी)। मस्कट के भारतीय दूतावास ने 12वां अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर विशेष कार्यक्रम आयोजित किया। इस कार्यक्रम में राजनयिक समुदाय के सदस्य, भारतीय प्रवासी और ओमान के योग प्रेमी एक साथ आए। ओमान योगासन फेडरेशन ने अपने अध्यक्ष सलहा हकीम अल तोकी की उपस्थिति में विशेष योगासन प्रस्तुति भी दी।

ओमान में भारत के राजदूत प्रशांत पीसे ने अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का संदेश साझा करते हुए कहा कि स्वास्थ्य, सद्भाव और समग्र कल्याण को बढ़ावा देने वाले वैश्विक आंदोलन के रूप में योग की भूमिका पर बल दिया।

## विश्व ऊँट दिवस के अवसर पर

### केंद्रीय मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत ने दी शुभकामनाएँ

नई दिल्ली(एजेंसी)। विश्व ऊँट दिवस के अवसर पर केंद्रीय संस्कृति एवं पर्यटन मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत ने देशवासियों को शुभकामनाएँ दी हैं। सोशल मीडिया पर अपने संदेश में श्री शेखावत ने कहा कि ऊँट केवल आजीविका का साधन ही नहीं, बल्कि राजस्थान और गुजरात की संस्कृति और परंपरा का भी प्रतीक है। उन्होंने ऊँट को मरुस्थल का जहाज बताते हुए इसके संरक्षण का आह्वान किया।



# पंचकूला में गूंजा 'वसुधैव कुटुम्बकम' का मंत्र:

## 16 देशों के युवाओं के साथ सीएम नायब सैनी ने किया योगाभ्यास

**जीत समाचार हरियाणा/पंचकूला।**
12वें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के उपलक्ष्य में आज पंचकूला में एक भव्य राज्य स्तरीय समारोह का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में हरियाणा के मुख्यमंत्री श्री नायब सिंह सैनी ने मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत की और बड़ी संख्या में उपस्थित नागरिकों व युवाओं के साथ योगाभ्यास किया।

**योग की वैश्विक धमक**

इस वर्ष का योग दिवस विशेष रहा, क्योंकि इसमें 16 मित्र देशों के युवाओं ने उत्साहपूर्वक भागीदारी की। विभिन्न देशों के प्रतिनिधियों की उपस्थिति ने योग की वैश्विक स्वीकार्यता को सिद्ध कर दिया। यह दृश्य 'वसुधैव कुटुम्बकम' (समस्त विश्व एक परिवार है) की भावना को सशक्त रूप से प्रदर्शित कर रहा था, जहाँ अलग–अलग संस्कृतियों के लोग एक मंच पर स्वास्थ्य और शांति का संदेश साझा करते नजर आए।

**'एक पृथ्वी, एक परिवार, एक भविष्य' का संकल्प**

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री श्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि भारत की यह




प्राचीन विद्या आज पूरे विश्व को जोड़ने का कार्य कर रही है। उन्होंने कहा, 'एक 'पृथ्वी, एक परिवार, एक भविष्य'की मूल भावना के अनुरूप, योग न केवल एक शारीरिक अभ्यास है, बल्कि यह स्वस्थ जीवन, संतुलित समाज और अंततः एक विकसित भारत के निर्माण का सबसे सशक्त माध्यम है। मुख्यमंत्री ने सभी प्रदेशवासियों का आह्वान किया कि वे अपने दैनिक जीवन में योग को अनिवार्य रूप से शामिल करें, ताकि मानसिक शांति और शारीरिक ऊर्जा के साथ समाज को सकारात्मक दिशा दी जा सके।

इस भव्य आयोजन ने पंचकूला को योग की ऊर्जा से सराबोर कर दिया और वैश्विक स्तर पर स्वास्थ्य के प्रति भारत के नेतृत्व को एक नई पहचान दी।







दैनिक समाचार पत्र
# जीत समाचार
जीत सच्ची खबर की
www.zeetsamachar.com सोमवार, 22 जून 2026

# सम्पादकीय

## संपादकीयः संपादक की कलम से

# लोकतंत्र की धड़कन

## जनता की जागरूकता और उसकी जिम्मेदारी

लोकतंत्र में 'जनता'सर्वोपरि है। ''जनता का, जनता के लिए, और जनता द्वारा'' शासनकृयह परिभाषा केवल किताबी नहीं, बल्कि एक जीवंत सत्य है। लेकिन, पिछले कुछ वर्षों में जिस तरह से हमारी सामाजिक और राजनीतिक व्यवस्था बदली है, 'जनता' की भूमिका का विश्लेषण करना अत्यंत आवश्यक हो गया है। आज का युग सूचनाओं के अंबार का युग है, जहाँ जनता के सामने सबसे बड़ी चुनौती यह है कि वह 'भ–भीड़' बने या 'जागरूक नागरिक' ।

**जनता और नीति–निर्माताओं के बीच का पुल**

अक्सर हम सरकार की आलोचना करते हैं कि उसने जनता की समस्याओं पर ध्यान नहीं दिया। लेकिन यहाँ एक प्रश्न यह भी उठता है कि क्या जनता ने अपनी समस्याओं को सही मंच पर रखा? लोकतंत्र का अर्थ केवल हर पांच साल में वोट देना नहीं है। असली लोकतंत्र तब काम करता है जब जनता और जनप्रतिनिधियों के बीच संवाद का सिलसिला साल भर चलता रहे। स्थानीय स्तर पर हो रहे प्रशासनिक निर्णयों में जनता की भागीदारी–चाहे वह ग्राम सभा हो या मोहल्ला समितियां–सुशासन की पहली शर्त है।

**'भीड़तंत्र' बनाम 'लोकतंत्र'**

सोशल मीडिया के इस दौर में एक बड़ा खतरा 'भीड़तंत्र' का है। बिना तथ्यों की जांच किए किसी भी सूचना पर प्रतिक्रिया देना और उग्र हो जाना, लोकतांत्रिक मूल्यों के खिलाफ है। लोकतंत्र 'असहमति' का सम्मान करना सिखाता है। यदि जनता केवल एक ही विचारधारा के प्रभाव में आकर सोचने की शक्ति खो देती है, तो वह लोकतंत्र के लिए सबसे बड़ा खतरा बन जाती है। जनता की ताकत उसके 'विवेक' में है, न कि उसकी 'आवाज की तीव्रता' में।

**जनता की चुप्पी– एक खतरनाक संकेत**

इतिहास गवाह है कि जब–जब जनता ने अपने अधिकारों के प्रति उदासीनता दिखाई है, तब–तब व्यवस्था निरंकुश हुई है। महंगाई, भ्रष्टाचार या सामाजिक असमानता जैसे मुद्दों पर जनता का मौन रहना या केवल सोशल मीडिया तक अपनी नाराजगी सीमित रखना बदलाव नहीं लाता। जागरूक जनता वह है जो सवाल पूछती है, जो जवाबदेही तय करती है और जो व्यवस्था की खामियों को रचनात्मक तरीके से सुधारने का दबाव बनाती है।


**समावेशी जनता– समाज का अंतिम व्यक्ति**

अक्सर 'जनता' शब्द में हम उन लोगों को भूल जाते हैं जो मुख्यधारा से दूर हैं। एक मजबूत राष्ट्र वही है जहाँ की 'जनता' का सबसे कमजोर व्यक्ति भी यह महसूस करे कि सिस्टम उसका है। स्वास्थ्य, शिक्षा और न्याय तक सभी की समान पहुँच ही लोकतंत्र की सफलता का असली पैमाना है। जब तक समाज के आखिरी पंक्ति में खड़े व्यक्ति की आवाज सत्ता के गलियारों तक नहीं पहुंचती, तब तक 'जनता' का प्रतिनिधित्व अधूरा है।

**निष्कर्ष**: जनता ही इस देश की निर्माता है। सरकारें आती हैं और जाती हैं, लेकिन जनता का अस्तित्व और उसकी आकांक्षाएं शाश्वत हैं। आज के बदलते दौर में जनता को 'उपभोक्ता' के बजाय एक 'हितधारक' के रूप में अपनी भूमिका समझनी होगी।

**संपादक की कलम से**–लोकतंत्र का अर्थ केवल अधिकार माँगना नहीं है, बल्कि जिम्मेदारियों को निभाना भी है। नियम का पालन करना, टैक्स देना, पर्यावरण बचाना और सबसे बढ़कर, एक–दूसरे के प्रति संवेदनशीलता रखना–यही वह 'जनता' है जो देश को महान बनाती है। अंततः, सरकारें वही करती हैं जो जनता उनसे करवाना चाहती है। इसलिए, अपनी सोच को सशक्त करें, क्योंकि एक सशक्त जनता ही एक सशक्त राष्ट्र की नींव है।

–कमल पवार




वैदिक ज्योतिष शास्त्र, वास्तु शास्त्र, अंक शास्त्र, सामुद्रिक शास्त्र, लाल किताब, हस्त रेखा, जन्म कुण्डली विश्लेषण और रत्नों की जानकारी के लिए आप सम्पर्क कर सकते हैं.
पंडित जगदीप बाबा जी 'दिव्येश'
93186 82393, 70187 97214.
दिव्या दीप ज्योतिष कार्यालय
bawjiastrology@gmail-com

दैनिक समाचार पत्र
जीत समाचार
जीत सच्ची खबर की

जय श्री गणेश
पंडित जगदीप बाबा जी 'दिव्येश'
दिनांक : 22 जून 2026, सोमवार

## आज का पंचांग

तिथि : अष्टमी 03:42 नक्षत्र : उत्तरा फाल्गुनी 10:23 करण : बव, 03:42 बालव : 04:07 पक्ष :शुक्ल योग : व्यतिपात 10:30 चन्द्रमा : कन्या राशि में राहुकाल 07:08 – 08:53 विक्रमी संवत् : 2083 शक सम्वत:1948 मास अमांत: ज्येष्ठ मास पूर्णिमांत :ज्येष्ठ शुभ मुहूर्त :अभीजित अभीजित 11:54 – 12:50

## आज का राशिफल

### मेष राशि
अनजान लोगों पर भरोसा न करें। अपने घर और संतान संबंधी शुभ समाचार मिलेंगे। पुराने व बचपन के मित्रों से भेंट के कारण मन में आनंद छाया रहेगा.

### वृषभ राशि
दोस्तों के साथ मेलजोल बढ़ेगा। आज का दिन लाभदायी है। व्यवसायिक क्षेत्र में उच्च अधिकारीगण की कृपादृष्टि से आपकी प्रगति का मार्ग प्रशस्त होगा.

### मिथुन राशि
जीवनसाथी के साथ तालमेल स्थापित होगा। उच्च अधिकारियों के साथ वाणी और व्यवहार में संभलकर चलें. अस्वस्थता और मानसिक चिंता बनी रहेगी.

### कर्क राशि
अनजाने में कोई बड़ी गलती हो सकती है। आज क्रोध और वाणी पर संयम बरतें। स्वास्थ्य भी संभालें। सरकार विरोधी प्रवृत्तियों से दूर रहें। मानसिक रूप से व्यग्रता बनी रहेगें.

### सिंह राशि
समय से पहले आप का कोई भी काम नहीं बनेगा। अपनी बारी का इंतजार करें। भागीदारों के साथ संबंध अच्छे रहेंगे। मध्याहन के बाद आपको प्रतिकूलता का अहसास होगा। सेहत खराब हो सकती है.

### कन्या राशि
संतों के दर्शन से लाभ होगा। आज दृढ़ मनोबल और आत्मविश्वास के साथ प्रत्येक कार्य को सफल बनाएं। गृहस्थ जीवन में सुख और शांति बनी रहेगी.

### तुला राशि
आप में भावुकता अधिक रहेगी। विद्यार्थिगण आज अभ्यास और करियर संबंधित विषयों में सफलता प्राप्त कर सकेंगे.

### वृश्चिक राशि
पारिवारिक शांति बनाए रखने के लिए निरर्थक वाद–विवाद न करें। माता का स्वास्थ्य खराब रहेगा। धन और प्रतिष्ठा में हानि होने की संभावना है.

### धनु राशि
आज मित्रों और प्रियपात्र के साथ भेंट होगी.

### मकर राशि
बने बनाये काम बिगड़ सकते हैं। आज क्रोध और वाणी पर संयम बरतें। नकारात्मक विचार मन में न आने दें। खान–पान में भी संयम बरतें.

### कुम्भ राशि
दूसरों के प्रति आकर्षित होंगे। आज का दिन शुभ फलदायी है। नए कार्य का शुभारंभ करने के लिए समय अनुकूल है.

### मीन राशि
मेहनत का फल मिलेगा। कम समय में अधिक लाभ पाने के विचार में आप फंस न जाएं इसका ध्यान रखें। कोर्ट–कचहरी के विषय में न पड़ें.

जीत समाचार TV
जीत सच्ची ख़बर की
जीत समाचार को हर जिले, शहर आदि से रिपोर्ट की आवश्यकता है। यदि आप में है दम तो मौका देंगे हम!
जीत समाचार आपकी तीसरी आँख वन कर आपका मार्गदर्शन करेगा। आप के शहर मे कोई ऐसी खबर हो तो आप हमारी अखबार व टीवी में दिखाना चाहते है तो सम्पर्क करे।
9041090470

दैनिक समाचार पत्र
जीत समाचार
जीत सच्ची ख़बर की
मुद्रक, प्रकाशक व सम्पादक : कमल पवार द्वारा 11368, पवित्र नगर, बालिया कालोनी हैबोवाल कलां, लुधियाना से प्रकाशित एंव जीत लुधियाना प्रिंटर्स हैबोवाल लुधियाना से मुद्रित।
सम्पादक : कमल पवार इस अंक मे प्रकाशित एंव समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादक हेतु पी.आर.बी. एक्ट के अन्तर्गत उत्तरदायी तथा उत्पन्न समस्त विवाद लुधियाना न्यायालय के अधीन होंगे।
R.N.I NO. PUN/HIN/2013/60106
Contact us :- +91-98030-25111.

# इंटरनेशनल योगा डे

## हेल्दी लाइफस्टाइल और मेंटल शांति का मैसेज

**जीत समाचार जालंधर ।** हर साल 21 जून को श्इंटरनेशनल योगा डेश पूरी दुनिया में बड़े जोश के साथ मनाया जाता है। इस दिन का मुख्य मकसद लोगों को योग के फिजिकल, मेंटल और स्पिरिचुअल फायदों के बारे में जागरूक करना है। आज की भागदौड़ भरी जिंदगी में, जहाँ स्ट्रेस और बीमारियाँ एक बड़ी चुनौती बन गई हैं, योग हमें हेल्दी और बैलेंस्ड जिंदगी जीने का रास्ता दिखाता है।



### योगः जिंदगी का एक जरूरी हिस्सा

योग एक्सपर्ट्स का मानना है कि योग सिर्फ एक्सरसाइज तक ही सीमित नहीं है, बल्कि यह मन, शरीर और आत्मा का मेल है। रोजाना योग करने से न सिर्फ फिजिकल फ्लेक्सिबिलिटी और ताकत बढ़ती है, बल्कि मेंटल कॉन्संट्रेशन भी बढ़ता है। यह हमारी रोजाना की जिंदगी में एक नई एनर्जी और पॉजिटिविटी भरता है।

### मोटिवेशन और अवेयरनेस

इंटरनेशनल योगा डे का मुख्य मकसद लोगों को अपनी रोजाना की जिंदगी में इस पुरानी विरासत को अपनाने के लिए प्रेरित करना है। इस दिन का दुनिया भर में फैलना दिखाता है कि एक हेल्दी समाज बनाने के लिए योग कितना जरूरी है। इस मौके पर देश–विदेश में कई इवेंट्स होते हैं, जहाँ लोग मिलकर योग करते हैं और हेल्दी रहने का संकल्प लेते हैं।

### जीत समाचार की अपील

'जीत समाचार' अपने सभी रीडर्स से अपील करता है कि योग को अपनी रोजमर्रा की जिंदगी का जरूरी हिस्सा बनाएँ। समय निकालकर की गई थोड़ी सी योग प्रैक्टिस न सिर्फ आपको बीमारियों से दूर रखेगी, बल्कि आपको मेंटली मजबूत और खुश भी रखेगी।

आइए इस योग दिवस पर हेल्दी और खुशहाल भविष्य के लिए योग अपनाएँ!










WAR AGAINST DRUGS
"YUDH NASHIAN VIRUDH"
Day 476
Recovered
848 grams heroin
12 kg poppy husk
1308 intoxicant tablets/capsules
Rs 6756 drug money
Bhagwant Singh Mann
Chief Minister, Punjab
Department of Information and Public Relations, Punjab
CMOPb
CMOPbIndia

# मुख्यमंत्री ने हमीरपुर में लगभग दो हजार लोगों के साथ किया योगाभ्यास, स्वस्थ जीवन का दिया संदेश



**जीत समाचार हमीरपुर(अभिषेंक, न्यूज एडिटर)।** अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के उपलक्ष्य पर आज हिमाचल प्रदेश में राज्य स्तरीय कार्यक्रम का आयोजन जिला हमीरपुर के अणु स्थित भारतीय खेल प्राधिकरण के सिंथेटिक ट्रैक ग्राउंड में किया गया। इस भव्य कार्यक्रम में मुख्यमंत्री ठाकुर सुखविन्द्र सिंह सुक्खू ने बतौर मुख्य अतिथि शिरकत की और बड़ी संख्या में उपस्थित लोगों के साथ योगाभ्यास किया।

स्वस्थ और अनुशासित जीवन की प्रेरणा आयुष विभाग द्वारा आयोजित इस कार्यक्रम में मुख्यमंत्री ने वरिष्ठ नागरिकों, युवाओं और स्कूली बच्चों सहित लगभग दो हजार लोगों के साथ करीब 45 मिनट तक विभिन्न योगासन और प्राणायाम किए। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्यमंत्री ने दीप प्रज्ज्वलन और धन्वंतरि पूजन के साथ किया। इस अवसर पर उन्होंने अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर तैयार की गई एक विशेष पुस्तिका का विमोचन भी किया, जिसमें योगासनों और उनके लाभों के बारे में विस्तृत जानकारी संकलित की गई है।

योग हमारी सांस्कृतिक धरोहररू मुख्यमंत्री इस अवसर पर जनसमूह को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री सुखविन्द्र सिंह सुक्खू ने कहा कि योग भारत की ओर से संपूर्ण मानवता को दिया गया एक अमूल्य उपहार है। उन्होंने युवाओं और आम नागरिकों से योग को अपनी दैनिक दिनचर्या का अनिवार्य हिस्सा बनाने का आह्वान किया। मुख्यमंत्री ने जोर देकर कहा कि नियमित योगाभ्यास न केवल शारीरिक स्वास्थ्य को बेहतर बनाता है, बल्कि मानसिक शांति और आध्यात्मिक संतुलन भी प्रदान करता है। उन्होंने यह भी कहा कि स्वस्थ समाज के निर्माण के लिए योग और नशा मुक्त जीवनशैली अपनाना समय की मांग है।

राज्य स्तरीय आयोजन में रहे ये गणमान्य व्यक्ति कार्यक्रम में आयुष, विधि, युवा सेवाएं एवं खेल मंत्री यादविन्द्र गोमा, विधायक सुरेश कुमार और कैप्टन रणजीत सिंह सहित कई वरिष्ठ नेता उपस्थित रहे। इस दौरान राज्य कृषि विपणन बोर्ड के अध्यक्ष कुलदीप सिंह पठानिया, कांगड़ा सहकारी प्राथमिक कृषि एवं ग्रामीण विकास बैंक के अध्यक्ष राम चंद्र पठानिया, राज्य नशा निवारण बोर्ड के संयोजक नरेश ठाकुर, ओबीसी वित्त एवं विकास निगम के उपाध्यक्ष डॉ. मोहन लाल, ओबीसी आयोग के सदस्य राजीव राणा, एपीएमसी अध्यक्ष अजय शर्मा, कांग्रेस जिला अध्यक्ष सुमन भारती, डॉ. पुष्पेंद्र वर्मा और सुभाष ढटवालिया के साथ–साथ आयुष विभाग की सचिव शाइनामोल, निदेशक रोहित जमवाल, उपायुक्त गंधर्वा राठौड़, पुलिस अधीक्षक बलवीर सिंह तथा अन्य वरिष्ठ अधिकारी भी विशेष रूप से उपस्थित रहे।

प्रदेश भर में आज योग दिवस के अवसर पर उत्साहपूर्ण माहौल रहा और हजारों लोगों ने स्वस्थ भविष्य के संकल्प के साथ सामूहिक योग सत्रों में भाग लिया।

## जोल सप्पड़ में सीएम सुक्खू ने रखी क्रिटिकल केयर ब्लॉक की आधारशिला,
# स्वास्थ्य सेवाओं को मिलेगी नई मजबूती




**जीत समाचार हमीरपुर(ब्यूरों)।** हिमाचल प्रदेश के मुख्यमंत्री ठाकुर सुखविन्द्र सिंह सुक्खू ने आज जोल सप्पड़ स्थित डॉ. राधाकृष्णन राजकीय चिकित्सा महाविद्यालय में नवनिर्मित होने वाले 'क्रिटिकल केयर ब्लॉक' की आधारशिला रखी। इस महत्वाकांक्षी परियोजना के शिलान्यास के साथ ही क्षेत्र में स्वास्थ्य सेवाओं के सुदृढ़ीकरण की दिशा में एक और महत्वपूर्ण कदम उठाया गया है।

इस अवसर पर सभा को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि इस क्रिटिकल केयर ब्लॉक के बनने से अस्पताल की आपातकालीन चिकित्सा सेवाओं का दायरा और अधिक विस्तृत होगा। उन्होंने स्पष्ट किया कि गंभीर अवस्था में अस्पताल पहुँचने वाले मरीजों को अब समय रहते बेहतर और त्वरित उपचार मिल सकेगा, जिससे उनके जीवन रक्षा की संभावनाएँ और अधिक मजबूत होंगी।

मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार प्रदेश के प्रत्येक नागरिक को विश्वस्तरीय स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध करवाने के लिए प्रतिबद्ध है। जोल सप्पड़ मेडिकल कॉलेज में इस आधुनिक सुविधा का विकास क्षेत्र के स्वास्थ्य तंत्र को अधिक सक्षम और आत्मनिर्भर बनाएगा। इससे न केवल स्थानीय निवासियों को लाभ मिलेगा, बल्कि आस–पास के जिलों से आने वाले गंभीर मरीजों को भी उच्च गुणवत्तापूर्ण उपचार के लिए कहीं और भटकना नहीं पड़ेगा।

इस दौरान स्थानीय जनप्रतिनिधि, स्वास्थ्य विभाग के वरिष्ठ अधिकारी और अन्य गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे।




दैनिक समाचार पत्र
जीत समाचार
जीत सच्ची खबर की

# सुंदरनगर के विभिन्न आंगनवाड़ी केंद्रों में योग दिवस धूमधाम से मनाया गया



जीत समाचार सुंदरनगर(ब्यूरो)। अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर बाल विकास परियोजना सुंदरनगर के अंतर्गत विभिन्न आंगनवाड़ी केंद्रों में योग दिवस उत्साह एवं उल्लास के साथ मनाया गया। इस दौरान आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं, सहायिकाओं, बच्चों, गर्भवती एवं धात्री महिलाओं तथा स्थानीय ग्रामीणों ने बढ़–चढ़कर भाग लिया।

बाल विकास परियोजना अधिकारी सुंदरनगर पूनम चौहान ने बताया कि परियोजना के अंतर्गत संचालित विभिन्न आंगनवाड़ी केंद्रों में योग सत्र आयोजित किए गए, जिनमें प्रतिभागियों को योग के महत्व तथा नियमित योगाभ्यास से होने वाले शारीरिक एवं मानसिक लाभों की जानकारी दी गई। उन्होंने कहा कि योग भारतीय संस्कृति की अमूल्य धरोहर है, जो स्वस्थ जीवनशैली अपनाने के लिए अत्यंत आवश्यक है।

उन्होंने बताया कि योग प्रशिक्षकों एवं आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं द्वारा प्रतिभागियों को ताड़ासन, वृक्षासन, भुजंगासन, वज्रासन, प्राणायाम तथा ध्यान सहित विभिन्न योग क्रियाओं का अभ्यास करवाया गया। इस अवसर पर सभी प्रतिभागियों को प्रतिदिन योग करने तथा अपने परिवार एवं समाज को भी योग अपनाने के लिए प्रेरित करने का संदेश दिया गया।

कार्यक्रम के दौरान बच्चों ने भी उत्साहपूर्वक योग गतिविधियों में भाग लिया। आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं ने संतुलित आहार, स्वच्छता एवं स्वस्थ जीवनशैली के प्रति जागरूकता का संदेश देते हुए नियमित योग को दैनिक दिनचर्या का हिस्सा बनाने का आह्वान किया।

# हिमाचल प्रदेश सरकार द्वारा हिमाचल पथ परिवहन निगम की बसों में तीन दिनों तक निःशुल्क यात्रा की विशेष व्यवस्था की गई

## राष्ट्रीय पात्रता सह प्रवेश परीक्षा की पुनः आयोजित परीक्षा में शामिल होने वाले विद्यार्थियों को सुविधा प्रदान करने के लिए

जीत समाचार धर्मशाला। राष्ट्रीय पात्रता सह प्रवेश परीक्षा की पुनः आयोजित परीक्षा में शामिल होने वाले विद्यार्थियों को सुविधा प्रदान करने के लिए हिमाचल प्रदेश सरकार द्वारा हिमाचल पथ परिवहन निगम की बसों में तीन दिनों तक निःशुल्क यात्रा की विशेष व्यवस्था की गई है। इस पहल का प्रदेश भर के हजारों छात्र लाभ उठा रहे हैं।



एचआरटीसी धर्मशाला के मंडलीय प्रबंधक पंकज चड्ढा ने बताया कि मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू के नेतृत्व वाली प्रदेश सरकार विद्यार्थियों की सुविधा को सर्वोच्च प्राथमिकता दे रही है। इसी कड़ी में नीट अभ्यर्थियों को परीक्षा केंद्रों तक पहुंचने में किसी प्रकार की परेशानी न हो, इसके लिए एचआरटीसी की साधारण बसों में मुफ्त यात्रा की सुविधा प्रदान की गई है।

उन्होंने कहा कि एचआरटीसी हमेशा जनसेवा के लिए समर्पित रहा है और विद्यार्थियों के हित में उठाया गया यह कदम शिक्षा के प्रति सरकार की प्रतिबद्धता को दर्शाता है। प्रदेश के विभिन्न जिलों से हजारों विद्यार्थी इस सुविधा का लाभ उठाकर अपने परीक्षा केंद्रों तक पहुंच रहे हैं।

पंकज चड्ढा ने सभी राष्ट्रीय पात्रता सह प्रवेश परीक्षा अभ्यर्थियों को परीक्षा के लिए शुभकामनाएं देते हुए कहा कि विद्यार्थी पूरे आत्मविश्वास और सकारात्मक सोच के साथ परीक्षा में शामिल हों। उन्होंने उम्मीद जताई कि प्रदेश के छात्र उत्कृष्ट प्रदर्शन कर अपने परिवार, प्रदेश और देश का नाम रोशन करेंगे।

उल्लेखनीय है कि प्रदेश सरकार ने 20 से 22 जून तक नीट अभ्यर्थियों के लिए एचआरटीसी बसों में निःशुल्क यात्रा की व्यवस्था की है। विद्यार्थी अपना प्रवेश पत्र दिखाकर इस सुविधा का लाभ उठा सकते हैं, जिससे उन्हें आर्थिक और परिवहन संबंधी राहत मिल रही है।

# हरोली को बड़ी सौगातः टाहलीवाल फायर पोस्ट बना सब फायर स्टेशन, 16 नए पदों को मिली मंजूरी

जीत समाचार ऊना(ब्यूरो)। हरोली विधानसभा क्षेत्र को प्रदेश सरकार ने एक और बड़ी सौगात दी है। सरकार ने टाहलीवाल फायर पोस्ट को तत्काल प्रभाव से सब फायर स्टेशन के रूप में अपग्रेड करने की अधिसूचना जारी कर दी है। इसके साथ ही 16 नए पदों के सृजन तथा दो अत्याधुनिक अग्निशमन वाहनों की व्यवस्था को भी मंजूरी प्रदान की गई है।

उपमुख्यमंत्री एवं हरोली के विधायक मुकेश अग्निहोत्री ने कहा कि टाहलीवाल औद्योगिक क्षेत्र और आसपास के क्षेत्रों में औद्योगिक गतिविधियों के विस्तार को देखते हुए लंबे समय से सब फायर स्टेशन की आवश्यकता महसूस की जा रही थी। प्रदेश सरकार ने जनहित को प्राथमिकता देते हुए इस मांग को पूरा किया है।

जारी अधिसूचना के अनुसार नए सब फायर स्टेशन में एक सब फायर अधिकारी, एक लीडिंग फायरमैन, 10 फायरमैन तथा चार ड्राइवर–कम–पंप ऑपरेटर के पद सृजित किए गए हैं। इसके अलावा स्टेशन के लिए एक वाटर ब्राउजर और एक सीओ–2 फायर वाहन भी उपलब्ध कराया जाएगा।

मुकेश अग्निहोत्री ने कहा कि इस निर्णय से टाहलीवाल औद्योगिक क्षेत्र सहित पूरे हरोली विधानसभा क्षेत्र में अग्निशमन एवं आपदा प्रबंधन सेवाएं और अधिक सुदृढ़ होंगी। औद्योगिक इकाइयों, स्थानीय निवासियों और संस्थानों को आगजनी एवं अन्य आपदाओं के दौरान त्वरित राहत एवं बचाव सेवाएं उपलब्ध होंगी, जिससे क्षेत्र की आपातकालीन प्रतिक्रिया क्षमता में उल्लेखनीय सुधार आएगा। उन्होंने कहा कि हरोली के समग्र विकास और बेहतर बुनियादी सुविधाओं के विस्तार के लिए निरंतर प्रयासरत हैं।

